# जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 20.06.2025 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 20.06.2025 को जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :-

| क्र० सं० | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री योगेन्द्र कुमार | अपर जिलाधिकारी (न.नं.), झाँसी। |
| 3 | श्री सुनील कुमार | जिला विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 4 | श्री बालगोविन्द श्रीवास्तव | जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी। |
| 5 | श्री जे.के. गुप्ता | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या. (पि./यां.), उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 6 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 7 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 8 | श्री संदीप शर्मा | सहा.अभि. प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 9 | श्री फैजल सलामत | डिप्टी टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 10 | श्री अर्जुन ठाकुर | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 11 | श्री राजेश गुप्ता | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 12 | श्री आर.एल. रमेश | डी.जी.एम., मेसर्स एन.सी.सी., झाँसी। |
| 13 | श्री अक्षय कुमार ओझा | प्रतिनिधि डी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 14 | श्री विशाल | प्रतिनिधि यूनिप्रो टेक्नो इन्फ्रा, झाँसी। |
| 15 | श्री अक्षय जाट | डी.पी.एम., टाटा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा० |
| 16 | श्री जे.एस. पेट्रीक | पी.एम., मेसर्स आई.एच.पी., झाँसी। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा मे निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :-

- <u>जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा।</u>

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिनके कार्यों की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :-

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत कुल 42 ग्राम सम्मिलित है। योजना में 01 नग इन्टेक वेल, 01 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 07 नग ओ.एच.टी., 4 नग सी.डब्लू.आर., 309.38 किमी. पाइप लाइन एवं 1147 नग गृह संयोजन प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष योजना के समस्त कार्यों को पूर्ण कराते हुये योजना में सम्मिलित सभी 42 नग ग्रामों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है तथा योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म द्वारा 42 नग ग्रामों का हर घर जल प्रमाणिकरण कार्य पूर्ण कराते हुये योजना का संचालन एवं अनुरक्षण किया जा रहा है।

<u>बचावली ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में से 36 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 01 ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य शेष है, जिस पर योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म मैसर्स एस.सी.सी. प्रा.लि. के डी.जी.एम. श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया कि प्रपत्रों पर ग्राम प्रधान द्वारा हस्ताक्षर किये जा चुके है। ग्राम

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

पंचायत सचिव द्वारा हस्ताक्षर किये जाने शेष है। सचिव द्वारा कार्य स्थल पर स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है। शीघ्र ही ग्राम पंचायत सचिव के हस्ताक्षर कराते हुये अवशेष 01 ग्रामों को भी हर घर जल प्रमाणित करा दिया जायेगा।

- <u>तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 25 ग्रामों से 24 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 01 ग्राम (लकारा) में सड़क पुर्नस्थापना कार्य पूर्ण न होने के कारण "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य शेष है, जिसे शीघ्र ही पूर्ण करा दिया जायेगा।



<u>बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों में से 52 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य किया जा चुका है। अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया है कि 07 नग ग्रामों को "हर घर जल" प्रमाणिकरण कार्य शेष है, जिनमें से 01 ग्राम घिसौली के ग्राम प्रधान द्वारा कार्यों में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (न.नं.), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम खैलार में निर्मित ओवर हैड टैंक को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित ग्राम खैलार में निर्मित सी.डब्लू.आर. के माध्यम जलापूर्ति करते हुये ग्राम में जलापूर्ति की जानी प्रस्तावित है। जल संस्थान, झाँसी द्वारा अस्थाई रूप हस्तगत किया गया ओवर हैड टैंक एवं नलकूप जीर्ण–क्षीण स्थिति में है। जिसके अनुरक्षण के दौरान किसी अप्रिय घटना घटित होने की प्रबल सम्भावना है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म मैसर्स एन.सी.सी. प्रा0लि0 के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया है कि जल संस्थान से आपसी समन्वय स्थापित करते हुये ग्राम में सुचारु रूप जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित ग्राम पुनावली कलाँ के अन्तिम छोर पर पर्याप्त दवाव से पेयजल नही पहुँच पा रहा है, जिसके निराकरण हेतु बूस्टर पम्प अधिष्ठापित करने के लिये ग्राम प्रधान से सम्पर्क स्थापित कर भूमि चिन्हित कर ली गयी है। शीघ्र ही बूस्टर पम्प

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

अधिष्ठापित करते हुये समस्त ग्राम में पर्याप्त दबाव पर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। इसी प्रकार ग्राम सेंखर एवं डगरिया रूंद में भी बूस्टर पम्प अधिष्ठापन का कार्य प्रगति पर है, जिसे आगामी 01 माह में पूर्ण कराते हुये योजना के

कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 74 ग्रामों से 71 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण कराते हुये 71 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों के कारण जलापूर्ति बन्द 06 ग्रामों में से 03 ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। परन्तु शेष पाइप लाइन की मरम्मत लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक प्रारम्भ नही की गयी है, जिस कारण शेष 03 ग्रामों की जलापूर्ति वर्तमान में भी बन्द है, जिस पर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता श्री संदीप शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप लाइन मरम्मत का कार्य पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है, जिस पर जल निगम (ग्रामीण) की सहायक अभियन्ता श्रीमती शिल्पी वर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा पाइप लाइन मरम्मत का कार्य नही कराया गया है और पाइप लाइन क्षतिग्रस्त स्थल पर पेयजल आगे ग्रामों तक पहुँच पा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये बैठक में उपस्थित लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता श्री संदीप शर्मा को निर्देशित किया गया कि आगामी 10 दिवस के अन्दर पाइप लाइन मरम्मत का कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि शेष 03 ग्रामों में भी नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ करायी जा सकें समस्त ग्रामों पर्याप्त दबाव पर शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।


इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त सिविल कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। 7600 नग गृह संयोजनो के माध्यम से योजना में सम्मिलित कुल 87 ग्रामों में से 75 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 54 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त सिविल कार्यो को पूर्ण किया चुका है। परन्तु अनुबन्धित फर्म ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिसका मुख्य कारण योजना पर आवश्यक 196 नग टीमों के सापेक्ष अनुबन्धित फर्म द्वारा मात्र 129 टीमों के माध्यम से कार्यो को कराया जा रहा है। जिस पर योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि श्री अक्षय कुमार ओझा द्वारा अवगत कराया गया है कि श्रमिकों/टीमों की संख्या बढ़ाने हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। माह के अन्त तक 87 नग ग्रामों का कमीशनिंग कार्य पूर्ण करते हुये नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा शीघ्र कार्य स्थल पर श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुये सितम्बर–2025 तक योजना में सम्मिलित समस्त ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

टेहरका–पचवारी ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वेल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हेड टैंक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54860 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 02 नग इन्टेक वेल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–95%, 27 नग ओवर हैड टैंक–95%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–95%, 5.57 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 271.37 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1381.50 किमी. वितरण प्रणाली, 44300 नग एच.टी.सी. (क्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 9900 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 60 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 37 ग्रामों में नियमित

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा बरथरी ग्रा.स.पे.यो. में 6600 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 49 ग्रामों में आंशिक एवं 16 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजनाओं के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म मैसर्स बी.जी.सी.सी. के प्रतिनिधि श्री अक्षर कुमार ओझा द्वारा अवगत कराया गया कि बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु एन.एच. से अनापत्ति प्राप्त हो चुकी है तथा कार्यों को शीघ्र पूर्ण करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा योजनान्तर्गत किये गये एच.एस.सी. (अक्रियाशील गृह संयोजन) को एफ.एच.टी.सी. में परिवर्तित करते हुये योजनाओं के अवशेष समस्त कार्यों को अगस्त–2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराते हुये योजनान्तर्गत पूर्ण क्षमता पर जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया है।



पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में योजना में समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। योजना में सम्मिलित 32 ग्रामों में से 32 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा वर्तमान में योजनान्तर्गत 96 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है।


बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित 58 ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करते हुये 58 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण करा दिया गया है।।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन (रेट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनाये) 04 पैकेजों की समीक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 04 नग पैकेज स्वीकृत है, जिनके निर्माण कार्य प्रगति पर है। परन्तु लगभग 01 वर्ष से अधिक समय से योजनान्तर्गत कराये गये कार्यो को भुगतान न होने के कारण योजनाओं की प्रगति धीमी है।

जनपद झाँसी में जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड की जलापूर्ति हेतु योजना निर्माणाधीन है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वेल, 350 मिमी. व्यास की रॉ–वाटर राईजिंग मेन

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with CamScanner

बिछाने का कार्य, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य, 1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का निर्माण कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक योजना के 95 प्रतिशत एवं विद्युत/यॉत्रिक सम्बन्धी कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण किये जा चुके है। योजना पर विद्युत संयोजन प्राप्त करने हेतु वांछित प्राक्कलन विद्युत विभाग को प्रेषित किया जा चुका है। विद्युत संयोजन प्राप्त होने के उपरान्त योजना को क्रियाशील कर दिया जायेगा।



जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झॉसी नोड योजना के द्वितीय चरण में प्रस्तावित 03 नग ओवर हैड टैंकों के कार्य टॉप डोम तक पूर्ण किया जा चुका है। राईजिंग मेन बिछाने का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण कराते हुये वर्तमान तक योजना के 63 प्रतिशत कार्यो को पूर्ण किये जा चुके है। शेष कार्यो को अगस्त–2025 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

अनुमोदित

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झॉसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

(मृदुल चौधरी)
जिलाधिकारी/
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
झॉसी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झॉसी।

पत्रांक-1065/[illegible]/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2025/एम-28/105 दिनॉक: 7-7-[illegible] 2025

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
3– जिलाधिकारी महोदय, झॉसी।
5– समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झॉसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिश

Scanned with OKEN Sca
Scanned with CamScanner